प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 21.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने आयकर अधिनियम–2025 पर देशव्यापी जागरूकता अभियान प्रारंभ 2026 की शुरुआत की, पहली अपैल से लागू होंगे नये अधिनियम।
- राज्य के मुख्य सचिव ने कहा– धनबाद के स्वर्गीय निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में MBBS की सीटें बढ़ाकर डेढ़ सौ की जायेंगी, बेड की संख्या भी होगी दोगुनी।
- राज्यभर में धूमधाम से मनाया जा रहा प्रकृति पर्व– सरहुल, आज राजधानी रांची में निकाली जायेगी भव्य शोभायात्रा।
- झारखंड समेत देशभर में आज मनायी जा रही ईद, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने देशवासियों को प्रेम, भाईचारा, शांति और आपसी सद्भाव का दिया संदेश।
- मौसम विभाग ने आज झारखंड में तेज हवा चलने, ओलावृष्टि और वज्रपात की चेतावनी जारी की, आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी जिलों को किया अलर्ट।

********************

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कल नई दिल्ली में आयकर अधिनियम 2025 पर देशव्यापी जागरूकता अभियान प्रारंभ 2026 की शुरुआत की। यह अभियान प्रिंट, रेडियो, टीवी, आउटडोर, डिजिटल और सोशल मीडिया के अंतर्गत चलेगा। इसका उद्देश्य नए अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह अधिनियम अगले महीने की पहली तारीख से लागू होने जा रहा है। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि आयकर अधिनियम 2025 से त्रुटियां, विवाद और अनुपालन लागत कम होगी।

********************

केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि सभी रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। घरेलू एलपीजी उत्पादन स्थिर है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। नई दिल्ली में कल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि घरेलू एलपीजी उत्पादन में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और खुदरा दुकानों पर एलपीजी की कोई कमी नहीं है।

********************

राज्य सरकार विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने पर विशेष जोर दे रही है। इस क्रम में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने कल धनबाद में स्वर्गीय निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाएं, डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने और अन्य जरूरतों पर पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। इस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीट पहले फेज में सौ से बढ़ाकर डेढ़ सौ करने तथा बेड की संख्या 500 से बढ़ाकर एक हजार करने की योजना है। मुख्य सचिव ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में सभी तरह की सुविधाएं बढ़ायी जायेंगी।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडी– आईएलएस में नामांकन पर रोक लगा दी है। जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने कॉलेज की मान्यता और बार काउंसिल के प्रावधानों को लागू नहीं करने से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए यह रोक लगायी। इसके साथ ही अदालत ने विश्वविद्यालय को कॉलेज की सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त करते हुए विस्तृत रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई एक अप्रैल को होगी।

********************

झारखंड के सबसे बड़े प्रकृति पर्व सरहुल को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे प्रदेश में उत्सव का माहौल है। आज सरहुल की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। इससे पहले कल सरना स्थलों में विशेष अनुष्ठान किये गये। रांची में हातमा सरना समिति के पुजारी जगलाल पाहन के नेतृत्व में केकड़ा पकड़ने और घड़े में जल रखने की रस्म पूरी की गयी।

इस अवसर पर राजधानी रांची को सरना झंडों से सजाया गया है। शोभायात्रा से पहले सिरमटोली स्थित सरना स्थल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

झारखंड समेत देशभर में आज ईद मनायी जा रही है। इस अवसर पर लोग एक दूसरे को मुबारकबाद दे रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद–उल–फितर की पूर्व संध्या पर नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह त्योहार आत्मसंयम, दान और जरूरतमंदों के प्रति करुणा का संदेश देता है। यह प्रेम, भाईचारा, शांति और आपसी सद्भाव का भी संदेश देता है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी मुस्लिम धर्मावलंबियों को ईद की बधाई दी है।

********************

सरहुल और ईद को लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। लगभग पांच हजार अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। सुरक्षा को लेकर ड्रोन से निगरानी की जायेगी। एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि त्योहार को लेकर पुलिस सतर्क है। वहीं सरहुल की शोभायात्रा और ईद की नमाज को लेकर शहर में ट्रैफिक रूट में भी बदलाव किया गया है।

********************

जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड स्थित जाहेर थान में प्रकृति को समर्पित आदिवासी समुदाय का बाहा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान नृत्य गीत के साथ आदिवासी समुदाय के लोगों ने विधि विधान से साल वृक्ष की पूजा अर्चना कर पेड़– पौधों एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

********************

राज्यभर में वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में कल चार लोगों की मौत हो गयी। चतरा में तीन महिलाओं की मौत हो गयी और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। महिलाएं महुआ चुनने के क्रम में आकाशीय बिजली की चपेट में आ गयीं। वहीं पलामू के रामगढ़ प्रखंड के उलडंडा निवासी तपेश्वर भुंइयां की वज्रपात से मौत हो गयी।

********************

राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में हैंडलूम और सरस मेले में बारिश के दौरान करंट से एक दुकानदार की मौत के बाद उनके परिजनों को मुआवजा राशि दी गयी है। राज्य हथकरघा एवं सरस मेला के प्रबंधक अश्वनी कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को चार लाख की राशि आपदा के तहत दी गई है। मृतक दुकानदार 23 वर्षीय मो जुनैद बिहार के भागलपुर का रहने वाला था।

********************

मौसम विभाग ने आज झारखंड के कई जिलों में तेज हवा, ओलावृष्टि, वज्रपात के साथ बारिश होने की आशंका जतायी है। मौसम में बदलाव और जारी चेतावनी के बीच आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सभी जिलों और विभागीय अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और मौसम विभाग की ओर से जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें। मौसम विभाग के अनुसार 22 मार्च से मौसम साफ होगा।

********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अमेरिका–इजरायल और ईरांन के बीच जारी युद्ध के कारण उत्पन्न संकट से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

हिन्दुस्तान ने पहले पेज पर लिखा है– इजरायल ने तेहरान पर मिसाईलें बरसाईं, ईरान का कुवैत पर बड़ा हमला।

दैनिक जागरण ने पहले पेज पर प्रीमियम पेट्रोल के दो रूपये और औद्योगिक इस्तेमाल वाले डीजल के 22 रूपये महंगा होने की खबर को प्रकाशित किया है।

वहीं प्रभात खबर ने लिखा है– राज्य में मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए रास्ता साफ, डॉ सुधीर गुप्ता बने वीसी।

दैनिक भास्कर ने राज्यभर में वज्रपात से 5 लोगों की मौत की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

*******************